संजीवनी टुडे
SAMAY KE SATH BADHTA AKHBAR

# बेगूसराय में नकली डीजल बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़' आठ गिरफ्तार

संजीवनी टुडे 02-03-2019 16:42:54



**बेगूसराय।** बेगूसराय पुलिस ने किरासन तेल से नकली डीजल बनाने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों के पास से 13 हजार चार सौ लीटर किरासन तेल एवं किरासन तेल से डुप्लीकेट डीजल बनाने वाला 20 किलो केमिकल भी बरामद किया गया है। एसपी अवकाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिंघौल ओपी क्षेत्र के बाघमारा गांव में विंदेश्वरी साह के घर छापेमारी की गयी जहां 63 ड्रम एवं 20 जरकिन में रखा 13 हजार चार सौ लीटर किरासन तेल, किरासन तेल में मिलाकर डीजल बनाने वाला 20 किलो केमिकल, दो सौ लीटर का 18 खाली ड्रम, 40 लीटर का एक खाली जरकीन, 5 लीटर वाला दो मापक, दस लीटर वाला एक मापक, दो मीटर का चार पाइप, एक मारुति वान, तीन राजदूत बाइक एवं डीजल बिक्री का एक लाख छह हजार 620 रुपया नगद बरामद किया गया।

**जयपुर में प्लॉट मात्र 2.30 लाख में Call On: 09314188188**

इस मामले में विन्देश्वरी साह के पुत्र इंद्रदेव साह, बबलू साह, कृष्णनंदन साह तथा इंद्रदेव साह के पुत्र राज कुमार साह, श्रवण साह एवं तिलरथ निवासी विमल कुमार को हिरासत में ले लिया गया है। इसी मामले की छानबीन में श्रवण कुमार महतो के घर छापेमारी की गयी जहां से एक होंडा बाइक एवं 375 एमएल की एक बोतल शराब के साथ श्रवण कुमार महतो को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

छापेमार टीम में एएसपी (अभियान) अमृतेश कुमार, सदर डीएसपी राजन सिन्हा, वीरपुर एमओ मो रिजवान, बरौनी एमओ नरेन्द्र कुमार, मुफसिल थानाध्यक्ष राजविंदु प्रसाद, बरौनी थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह एवं सिंघौल ओपी की पूरी टीम मौजूद थी। दूसरी ओर बलिया पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार राज एवं साहेबपुर कमाल थानाध्यक्ष सुदीन राम के नेतृत्व में रघुनाथपुर दियारा में छापेमारी की गयी जिसमें बोना राय उर्फ बंटी राय को .315 बोर की एक रायफल, एक मास्केट तथा .315 बोर की नौ गोली के साथ गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि दोनों मामले की पुलिस गहनता से छानबीन कर रही है।

Source: https://www.sanjeevnitoday.com/state/fake-diesel-gangs-busted-in-begusarai-eight-arrested/20190302/227755